राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम- चित्रकला
पाठ-10 दक्कन चित्रकला शैली
कार्यपत्रक-10

1. तंजौर चित्रकला शैली ने एक अलग नवीन शैली विकसित की है।तंजौर चित्रकला शैली की अलग नवीन शैली से आप क्या समझते हैं?

2. दक्कनशैली की शैलीगत विशेषतायें अपने शब्दों में लिखें।

3. 'निज़ामुद्दीन औलिया तथा अमीर खुसरो' चित्र हैदराबादी शैली की कृति है, इसी शैली की एक और कृति की पहचान करें तथा उस चित्र के विषय में वर्णन करें।

4. संत के शीश के चारों ओर प्रभामंडल उसके अध्यात्मिक उपलब्धि औरज्ञान को दर्शाता है, व्याख्या करें।

5. 'निज़ामुद्दीन औलिया तथा अमीर खुसरो' चित्र में चित्रकार शांत वातावरण कैसे निर्मित करता है?

6. यह क्यों कहा जाता है कितंजौर चित्रकला अन्य चित्रकला शैलियों से भिन्न है, अपना मत लिखें।

7. इनके चित्रों में शास्त्रीय भारतीय अभिप्रायों के अत्यंत सूक्ष्म विवरणों का प्रयोग दिखाई देता है, इन प्रयोग किये जाने वाले अभिप्रायों की पहचान करें तथा इनके विषय में संक्षेप में लिखें।

8. 'देवी सरस्वती' चित्र की अत्यंत अलंकृत तथा रंगीन वेशभूषाओं के सौंदर्य कावर्णन करें।

9. उभार युक्त कृति अथवा रिलीफ़ वर्क से आप क्या समझते हैं?

10. 'मूल रेखाचित्र के ऊपर बहुमूल्य तथा अल्प मूल्य रत्नों द्वारा उसका अलंकरण', कुछ बहुमूल्य तथा अल्प मूल्य रत्नों के नाम बतायें तथा उनके लाभों का वर्णन करें।